क्रम-संख्या–72 (क-2)

रजिस्टर्ड नं० एल०डब्ल्यू०/एन०पी० 561
लाइसेन्स नं० डब्ल्यू० पी०-4(लाइसेन्स टू
पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेंट)

सरकारी गज़ट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (क)

(सामान्य परिनियम नियम)

प्रयागराज, बृहस्पतिवार, 12 मार्च, 2026 ई0

(फाल्गुन 21, 1947 शक संवत्)

कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

संख्या–212/ई-2/**तेरह-2026-254-1983-341143**

प्रयागराज, दिनांक 12 मार्च, 2026 ई0

आबकारी अनुभाग-2

अधिसूचना

सा0प0नि0-**26**

उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 1 सन् 1904) की धारा 21 के साथ पठित, उत्तर प्रदेश शीरा नियंत्रण अधिनियम, 1964 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 24 सन् 1964) की धारा 22 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल, उत्तर प्रदेश शीरा नियमावली, 1974 को संशोधित करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं, अर्थात् :-

उत्तर प्रदेश शीरा नियंत्रण (नवम् संशोधन) नियमावली, 2026

1--संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ-- (1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश शीरा नियंत्रण) नवम् संशोधन (नियमावली, 2026 कही जायेगी,

(2) यह दिनांक 01 नवम्बर, 2025 से प्रवृत्त हुई समझी जायेगी।

2--नियम 2का संशोधन–उत्तर प्रदेश शीरा नियंत्रण नियमावली, 1974, जिसे आगे उक्त नियमावली कहा गया है, में, नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये विद्यमान नियम-2 के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्-:

स्तम्भ-एक विद्यमान नियम	स्तम्भ-दो एतद्वारा प्रतिस्थापित नियम
2. परिभाषाएं-(1) जब तक विषय या संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, इस नियमावली में-	2. परिभाषाएं-(1) जब तक विषय या संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, इस नियमावली में-
(क) ''अधिनियम'' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश शीरा नियंत्रण अधिनियम, 1964 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 24, 1964) से है।	(क) ''अधिनियम'' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश शीरा नियंत्रण अधिनियम, 1964 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 24, 1964) से है।
(ख) 'प्रदेशन-ग्रहीता' का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से हैं, जिसके पक्ष में अधिनियम की धारा-8 के अधीन शक्कर के किसी कारखाने के अध्यासी से शीरा खरीदने के प्रयाजनार्थ अथवा जिसके लिये कैप्टिव उपभोग हेतु शीरा अन्तरण करने अथवा उसका सम्भरण करने का आदेश किया गया है।	(ख) 'प्रदेशन-ग्रहीता' का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से हैं, जिसके पक्ष में अधिनियम की धारा-8 के अधीन किसी चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई के अध्यासी से अधिनियम में यथापरिभाषित शीरा खरीदने अथवा सम्भरण करने के प्रयोजनार्थ आदेश किया गया है।
(ग) ''कैप्टिव उपयोग'' का तात्पर्य एक ही स्वामित्व वाली चीनी मिल से उसी स्वामित्व की आसवनी या औद्योगिक इकाई को स्थानान्तरित शीरे से है।	(ग) निकाल दिया गया है।
(घ) ''प्रपत्र'' का तात्पर्य इस नियमावली के अधीन नियत प्रपत्र से है।	(घ) ''प्रपत्र'' का तात्पर्य इस नियमावली के अधीन विहित प्रपत्र से है।
(ङ) ''शीरा वर्ष'' का तात्पर्य 1 नवम्बर से प्रारम्भ होने वाली और अगले वर्ष के 31 अक्टूबर को समाप्त होने वाली अवधि से है।	(ङ) ''शीरा वर्ष'' का तात्पर्य 1 नवम्बर से प्रारम्भ होने वाली और अगले वर्ष के 31 अक्टूबर को समाप्त होने वाली अवधि से है।
(च) ''धारा'' का तात्पर्य उक्त अधिनियम की धारा से है।	(च) ''धारा'' का तात्पर्य उक्त अधिनियम की धारा से है।
(छ) ''संग्रहण टंकी'' का तात्पर्य अधिनियम की धारा 5 के अधीन शीरे के निरापद संरक्षण के लिये उपबंधित आच्छादित स्थान से है।	(छ) ''संग्रहण टंकी'' का तात्पर्य अधिनियम की धारा 5 के अधीन शीरे के सुरक्षित परिरक्षण के लिये उपबंधित आच्छादित स्थान से है।
(ज) ''उप निरीक्षक आबकारी'' का तात्पर्य संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम 1910 (संयुक्त प्रान्त ऐक्ट संख्या 4, 1910) की धारा 10 के अधीन नियुक्त उप-निरीक्षक आबकारी से है।	(ज) ''उप निरीक्षक/निरीक्षक आबकारी'' का तात्पर्य संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम 1910 (संयुक्त प्रान्त ऐक्ट संख्या 4, सन् 1910) की धारा 10 के अधीन नियुक्त उप-निरीक्षक आबकारी से है।
	(झ) ''शीरा'' का का तात्पर्य गन्ना के रस या चीनी चाशनी से चीनी या खाण्डसारी चीनी के विनिर्माण के दौरान उपात्पाद के रूप में उत्पादित भारी, गहरे रंग के लसदार द्रव से है, जब इस रूप में या किसी मिश्रण के रूप में द्रव में चीनी अन्तर्विष्ट हो और इसमें राब या गुड़ से उत्क्रम प्रक्रिया के माध्यम से चीनी विनिर्माण के दौरान प्राप्त उपोत्पाद भी सम्मिलित है।
	(2) इस नियमावली में अपरिभाषित किन्तु अधिनियम में परिभाषित शब्दों और पदों के वही अर्थ होंगे जो अधिनियम में क्रमशः उनके लिये समनुदेशित हों।

3. नियम 3 का संशोधन-उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ-एक में दिये गये विद्यमान नियम 3 के स्थान पर स्तम्भ-दो में, दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्-

स्तम्भ-एक विद्यमान नियम	स्तम्भ-दो एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
3. आच्छादित स्थान की व्यवस्था-	**3. आच्छादित स्थान की व्यवस्था-**
(1) चीनी के किसी कारखाने का प्रत्येक अध्यासी, कारखाने के भू-गृहादि के भीतर उतनी संख्या और आकार की संग्रहण टंकियाँ रखेगा जिससे कि एक बार में कारखाने के लिए तत्समय रजिस्ट्रीकृत पूर्ण पेराई क्षमता के अनुसार 140 कार्य दिवसों में पेरे जाने वाले सम्पूर्ण गन्ने के चार प्रतिशत के हिसाब से संगणित शीरे के कुल उत्पादन का कम से कम साठ प्रतिशत या पिछले 4 वर्ष के सर्वाधिक कुल उत्पादन का साठ प्रतिशत, जो भी अधिक हो, संग्रह कर सके। वह संग्रहण क्षमता में वृद्धि हेतु शीरा निधि का नियमित आधार पर उपयोग करेगा। केवल आपात स्थिति में, शीरा नियंत्रक द्वारा आयाताकार आच्छादित कच्चे पिट की अनुमति प्रदान की जा सकती है।	(1) शक्कर के किसी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई का प्रत्येक अध्यासी, चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई के भू-गृहादि के भीतर उतनी संख्या और आकार की संग्रहण टंकियाँ रखेगा जिससे कि एक बार में चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई के लिए तत्समय रजिस्ट्रीकृत पूर्ण पेराई क्षमता के अनुसार एक सौ चालीस कार्य दिवसों में पेरे जाने वाले सम्पूर्ण गन्ने के चार प्रतिशत के हिसाब से संगणित शीरे के कुल उत्पादन का न्यूनतम साठ प्रतिशत या पिछले 4 वर्ष के सर्वाधिक कुल उत्पादन का साठ प्रतिशत, जो भी अधिक हो, संग्रह कर सके। वह संग्रहण क्षमता में वृद्धि हेतु शीरा निधि का नियमित आधार पर उपयोग करेगा। केवल आपात स्थिति में, शीरा नियंत्रक द्वारा शास्तिरोपण करते हुये आयताकार आच्छादित कच्चे पिट की अनुमति इस शर्त के साथ प्रदान की जायेगी कि कच्चे पिटों में संचित शीरे को मानसून सीजन से पहले अनिवार्य रूप से सम्भरित कर लिया जायेगा, परन्तु यह कि ऐसी खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाईयां, जहां पर अर्द्धठोस शीरे का उत्पादन होता है ,वहां शीरा संचय हेतु टंकी के स्थान पर शीरा नियंत्रक एवं आबकारी आयुक्त ,उत्तर प्रदेश द्वारा विहित संचय क्षमता के पात्रों की व्यवस्था करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक पी0डी0-2 लाइसेंस प्राप्त आसवनी में शीरा संचय की अवधारित उपयुक्त आवश्यक क्षमता के अनुसार अतिरिक्त टंकियों की स्थापना कराया जाना आवश्यक होगा।
(2)(क) जहां नियंत्रक को किसी क्षेत्र में परिवहन सुविधाओं की उपलब्धता में शीरे के बढ़े हुए उत्पादन के आधार पर या उसके द्वारा अभिलिखित किये जाने वाले किसी अन्य आधार पर कठिनाई हो ,वहॉ वह चीनी के किसी कारखाने के अध्यासी को यह निदेश दे सकता है कि वह	(2)(क) जहॉ नियंत्रक को किसी क्षेत्र में परिवहन सुविधाओं की उपलब्धता में शीरे के बढ़े हुए उत्पादन के आधार पर या उसके द्वारा अभिलिखित किये जाने वाले किसी अन्य आधार पर कठिनाई हो ,वहॉ वह चीनी के किसी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई

निदेश में संसूचित सीमा तक आच्छादित अतिरिक्त ,संग्रहण टंकी का उपबंध करे और तदुपरान्त अध्यासी ऐसे संग्रहण टंकी का उपबंध ऐसी अवधि के भीतर करेगा जैसा कि निदेश में विनिर्दिष्ट हो ।	के अध्यासी को यह निदेश दे सकता है कि वह निदेश में संसूचित सीमा तक आच्छादित अतिरिक्त ,संग्रहण टंकी का उपबंध करे और तदुपरान्त अध्यासी ऐसे संग्रहण टंकी का उपबंध ऐसी अवधि के भीतर करेगा जैसा कि निदेश में विनिर्दिष्ट हो ।
(ख) चीनी मिलों में पेराई सत्र के दौरान शीरे के झाग के कारण संग्रहण क्षमता में कमी को पूर्ण करने के लिए अध्यासी चीनी मिल के परिसर में ऐसी क्षमता की आच्छादित पक्की मेसोनरी टंकियॉ अनुरक्षित करेगा ,जो झागकरण की स्थिति को नियंत्रित कर सके ,जिससे उप नियम (1)-के अधीन संग्रहण क्षमता शीरा में झाग के कारण बाधित न हो या उसमें कमी न हो।	(ख) चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई में पेराई सत्र के दौरान शीरे के झाग के कारण संग्रहण क्षमता में कमी को पूर्ण करने के लिए अध्यासी चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई के परिसर में ऐसी क्षमता की आच्छादित पक्की मेसोनरी टंकियॉ अनुरक्षित करेगा ,जो झागकरण की स्थिति को नियंत्रित कर सके ,जिससे उप नियम-1 के अधीन संग्रहण क्षमता शीरा में झाग के कारण बाधित न हो या उसमें कमी न हो।
(3) शीरे के संग्रहण के लिए अनाच्छादित संग्रहण टंकी का प्रयोग नियंत्रक की पूर्व स्वीकृति के बिना नहीं किया जायेगा।	(3) शीरे के संग्रहण के लिए अनाच्छादित संग्रहण टंकी का प्रयोग नियंत्रक की पूर्व स्वीकृति के बिना नहीं किया जायेगा।

4. नियम 4 का संशोधन --उक्त नियमावली में ,नीचे स्तम्भ-**एक** में दिये गये विद्यमान नियम 4 के स्थान पर स्तम्भ-**दो** में, दिया गया नियम रख दिया जायेगा ,अर्थात्-

स्तम्भ– एक **विद्यमान नियम**	**स्तम्भ– दो** **एतद्वारा प्रतिस्थापित नियम**
4. संग्रहण टंकियों की व्यवस्था (1)-सभी संग्रहण टंकिया कारखाने के अध्यासी द्वारा क्रमांकित की जायेगी और प्रत्येक टंकी को बिमा (डाइमेन्शन्स) और संग्रहण क्षमता के साथ प्रत्येक टंकी की प्रविष्टि संख्या को किसी स्थायी जुड़नार (फिक्सचर) पर प्रदर्शित किया जायेगा।	4. संग्रहण टंकियों की व्यवस्था (1)-सभी संग्रहण टंकिया चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई के अध्यासी द्वारा क्रमांकित की जायेगी और प्रत्येक टंकी को उसकी विमा और संग्रहण क्षमता के साथ आवंटित संख्या को किसी स्थायी जुड़नार (फिक्सचर) पर प्रदर्शित किया जायेगा , परन्तु यह कि ऐसी खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई जहां पर अर्द्धठोसशीरा उत्पादित होता है ,में शीरा नियंत्रक एवं आबकारी आयुक्त ,उत्तर प्रदेश द्वारा यथा विहित संचय क्षमता के पात्रों हेतु व्यवस्था की जायेगी तथा इस प्रकार संचित शीरे के स्टाक का लेखा भरे हुये पात्रों की संख्या के अनुसार अनुरक्षित किया जायेगा। परन्तु यह और कि ऐसी खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाईयों हेतु विहित पोर्टल पर एक आभासी

	शीरा संग्रहण टंकी भी रजिस्ट्रीकृत की जा सकेगी , जिसमें किसी भी समय संचित कुल शीरे की मात्रा क्विंटल में प्रविष्ट की जायेगी। पोर्टल पर तदनुसार ही भरे हुए पात्रों की संख्या भी अभिलिखित की जायेगी ।
(2) शक्कर के किसी कारखाने के अध्यासी द्वारा व्यवस्थित सभी संग्रहण टंकियों की बिमा शीरा प्रपत्र 14 में एक रजिस्टर में अभिलिखित की जायेगी और प्रत्येक संग्रहण टंकी के सम्बन्ध में एक गेज चार्ट रजिस्टर में यह प्रदर्शित करने के लिए रखा जायेगा कि टंकी में में प्रत्येक 5 सेंटीमीटर की गइराई पर कितने क्विंटल शीरे की मात्रा है। संग्रहण टंकियों की गेजिंग इस प्रकार की जानी चाहिए जिसमें 45 प्रतिशत शक्कर युक्त शीरा मानक समझा जाय।	(2)चीनी के किसी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई के अध्यासी द्वारा व्यवस्थित सभी संग्रहण टंकियों की विमा शीरा प्रपत्र 14 में एक रजिस्टर में अभिलिखित की जायेगी और प्रत्येक संग्रहण टंकी के सम्बन्ध में एक गेज चार्ट रजिस्टर में यह प्रदर्शित करने के लिए रखा जायेगा कि टंकी में प्रत्येक 2 सेंटीमीटर की गइराई पर कितने क्विंटल शीरे की मात्रा है। संग्रहण टंकियों की गेजिंग इस प्रकार की जानी चाहिए जिसमें 45 प्रतिशत चीनी युक्त शीरा मानक समझा जाय।

5--नियम 5का संशोधन--उक्त नियमावली में ,नीचे स्तम्भ-**एक** में दिये गये विद्यमान नियम 5 के स्थान पर स्तम्भ-**दो** में ,दिया गया नियम रख दिया जायेगा ,अर्थात्-

स्तम्भ–एक **विद्यमान नियम**	**स्तम्भ–दो** **एतद्वारा प्रतिस्थापित नियम**
5. संग्रहण क्षमता में परिवर्तन (1) यदि संग्रहण टंकी की संग्रहण क्षमता में कोई परिवर्तन करने का प्रस्ताव हो तो अध्यासी तब नियंत्रक को एक नक्शा (Blue Print) प्रस्तुत करेगा जिसमें प्रत्येक संग्रहण टंकी की वास्तविक, स्थिति, क्रम संख्या, बिमा, प्रकार (खड़ी चिनाई) और उसकी प्रत्येक पांच सेंटीमीटर की गहराई पर क्षमता तथा ऐसी टंकियों से जुड़े पाइप और निकास–नालियाँ दिखाई जायेगी।	5. संग्रहण क्षमता में परिवर्तन--(1) यदि संग्रहण टंकी की संग्रहण क्षमता में कोई परिवर्तन करने का प्रस्ताव हो तो अध्यासी तब नियंत्रक को एक रूप रेखा (ब्लू प्रिन्ट) प्रस्तुत करेगा जिसमें प्रत्येक संग्रहण टंकी की वास्तविक, स्थिति, क्रम संख्या, विमा, प्रकार (खड़ी चिनाई) और उसकी प्रत्येक दो सेंटीमीटर की गहराई पर क्षमता तथा ऐसी टंकियों से जुड़े पाइप और निकास–नालियाँ दिखाई जायेगी।
(2) यदि कोई अतिरिक्त संग्रहण टंकी उपनियम- (1) के अधीन प्रस्तुत नक्शे में न दिखाई गयी हो और उसकी बाद में शक्कर के कारखाने के अध्यासी द्वारा व्यवस्था की जाय तो उसके लिए उसी प्रकार का एक नक्शा नियंत्रक को उसका निर्माण किये जाने के एक मास के भीतर प्रस्तुत किया जयेगा।	(2) यदि कोई अतिरिक्त संग्रहण टंकी उपनियम (1) के अधीन प्रस्तुत रूप रेखा (ब्लू प्रिन्ट) में न दिखाई गयी हो और उसकी बाद में चीनी के कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई के अध्यासी द्वारा व्यवस्था की जाय तो उसके लिए उसी प्रकार की रूप रेखा (ब्लू प्रिन्ट) नियंत्रक को उसका निर्माण किये जाने के एक मास के भीतर प्रस्तुत किया जायेगा।

6--नियम 6का संशोधन --उक्त नियमावली में ,नीचे स्तम्भ-एक में दिये गये विद्यमान नियम 6 के स्थान पर स्तम्भ-दो में ,दिया गया नियम रख दिया जायेगा ,अर्थात्-

स्तम्भ– एक **विद्यमान नियम**	**स्तम्भ–दो** **एतद्वारा प्रतिस्थापित नियम**
6. आसवनियों के लिए नियम 4 और 5 का लागू होना शीरे के निरापद संरक्षण को सुनिश्चित करने के नियंत्रक के निदेश–उपर्युक्त नियम 4 और 5 के उपबंध उत्तर प्रदेश में आसवनियों के स्वामियों पर आसवन (distillation) के प्रयोजनों के लिए शक्कर के कारखानों द्वारा सम्भरित शीरे के सम्बन्ध में आवश्यक परिवर्तनों के साथ लागू होंगे।	6. आसवनियों के लिए नियम 4 और 5 का लागू होना (धारा 22) शीरे के निरापद संरक्षण हेतु नियंत्रक के निदेश (धारा 5 और 22) नियम 4 और 5 के उपबंध उत्तर प्रदेश राज्य में आसवनियों के स्वामियों पर आसवन के प्रयोजनों के लिए चीनी कारखानों या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाईयों द्वारा सम्भरित शीरे के सम्बन्ध में आवश्यक परिवर्तनों के साथ लागू होंगे।

7--नियम 7 का संशोधन --उक्त नियमावली में ,नीचे स्तम्भ-एक में दिये गये विद्यमान नियम 7 के स्थान पर स्तम्भ-**दो** में ,दिया गया नियम रख दिया जायेगा ,अर्थात्-

स्तम्भ–एक **विद्यमान नियम**	**स्तम्भ– दो** **एतद्वारा प्रतिस्थापित नियम**
7. शीरे के सुरक्षित परिरक्षण हेतु नियंत्रक के निर्देश– यदि नियंत्रक की यह राय हो कि किसी संग्रहण टंकी या उसके किसी युक्ति (device) अथवा उसके जुड़नार जिसके अन्तर्गत दीवाल, पाइप लाइन या निकास–नाली (ड्रेन) भी है, से कारखाने में उत्पादित शीरे के गुण और मात्रा के निरापद संरक्षण से पर्याप्त पूर्वोपाय नहीं हो पाता तो वह लिखित आज्ञा द्वारा कारखाने के अध्यासी को शीरे का निरापद संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए ऐसा आवश्यक उपाय जिसके अंतर्गत दीवाल, पाइप लाइन या निकास नाली को हटाना भी है ,करने की आत्रा दे सकता है, और अध्यासी उसमें निर्दिष्ट अवधि के भीतर ऐसे निर्देशों का पालन करेगा।	7. शीरे के निरापद संरक्षण हेतु नियंत्रक के निदेश – यदि नियंत्रक की यह राय हो कि किसी संग्रहण टंकी या उसके किसी युक्ति/उपाय अथवा उसके जुड़नार जिसके अधीन दीवार,पाइप लाइन या निकास–नाली (ड्रेन) भी है, से चीनी कारखाने या खाण्डसारीचीनी विनिर्माण इकाई में उत्पादित शीरे के गुण और मात्रा के निरापद संरक्षण से पर्याप्त पूर्वोपाय नहीं हो पाता तो वह लिखित आदेश द्वारा चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई के अध्यासी को शीरे का निरापद संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए ऐसा आवश्यक उपाय, जिसके अंतर्गत (ड्रेन) दीवार, पाइप लाइन या निकास नाली को हटाना भी है, करने की आज्ञा दे, सकता है, और अध्यासी उसमें विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर ऐसे निदेशों का पालन करेगा।

8--नियम 8 का संशोधन--उक्त नियमावली में ,नीचे स्तम्भ- **एक** में दिये गये विद्यमान नियम 8 के स्थान पर स्तम्भ-**दो** में ,दिया गया नियम रख दिया जायेगा ,अर्थात्-

स्तम्भ– एक **विद्यमान नियम**	**स्तम्भ– दो** **एतद्वारा प्रतिस्थापित नियम**
8. संग्रहण टंकियों में शीरे के संग्रहण और निस्तारण के लिए नियंत्रक के निदेश (1)-नियंत्रक यह विनिर्दिष्ट करेगा कि कारखाने की संग्रहण टंकियों को किस	8. संग्रहण टंकियों में शीरे के संग्रहण और निस्तारण के लिए नियंत्रक के निदेश (1)-नियंत्रक यह विनिर्दिष्ट करेगा कि चीनी कारखाने या

क्रम में भरा जाय या खाली किया जाय और ऐसा निदेश शक्कर के कारखाने के अध्यासी पर बन्धकारी होगा।	खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई की संग्रहण टंकियों को किस क्रम में भरा जाय या खाली किया जाय और ऐसा निदेश चीनी के कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई के अध्यासी पर बाध्यकारी होगा।
(2) किसी विशेष शीरा वर्ष में किसी कारखाने में उत्पादित या संग्रहीत शीरा नियंत्रक की पूर्व अनुज्ञा के बिना, पिछले शीरा वर्ष के शीरे के साथ मिश्रित नहीं किया जायेगा।	(2) किसी विशेष शीरा वर्ष में किसी चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई में उत्पादित या संग्रहीत शीरा नियंत्रक की लिखित में पूर्व अनुज्ञा के बिना, पिछले शीरा वर्ष के शीरे के साथ मिश्रित नहीं किया जायेगा।
(3) किसी कारखाने में शीरा तब तक संग्रहीत नहीं किया जायेगा जब तक कि उसका वजन या माप न किया गया हो।	(3) किसी चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई में शीरा तब तक संग्रहीत नहीं किया जायेगा जब तक कि उसका वजन या माप न किया गया हो।
(4) शक्कर के कारखाने का अध्यासी इस बात के लिए पर्याप्त सावधानी बरतेगा कि किसी वर्ष में शीरे के संग्रहण में छीजन संग्रहीत शीरे के कुल मात्रा के दो प्रतिशत से अधिक न हो। यदि छीजन दो प्रतिशत से अधिक हो तो अध्यासी नियम के उल्लंघन के लिये अधिनियम के अधीन आरोपित शास्ति से दंडित होगा।	(4) चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई का अध्यासी इस बात के लिए पर्याप्त रक्षोपाय करेगा कि किसी शीरा वर्ष में शीरे के संग्रहण में छीजन संग्रहीत शीरे के कुल मात्रा के डेढ प्रतिशत से अधिक न हो। यदि छीजन डेढ प्रतिशत से अधिक हो तो अध्यासी नियम के उल्लंघन के लिये अधिनियम के अधीन अधिरोपित शास्ति का उत्तरदायी होगा।
प्रतिबन्ध यह है कि यदि नियंत्रक के संतोषानुसार यह साबित कर दिया जाय कि दुर्घटना या किसी अन्य अपरिहार्य कारण से उपर्युक्त विहित सीमा से अधिक छीजन या कमी हुई है तो अध्यासी किसी शास्ति का देनदार नहीं होगा।	परन्तु यह कि यदि नियंत्रक के संतोषानुसार यह साबित कर दिया जाय कि दुर्घटना या किसी अन्य अपरिहार्य कारण से उपर्युक्त विहित सीमा से अधिक छीजन या कमी हुई है तो अध्यासी किसी शास्ति का उत्तरदायी नहीं होगा।
टिप्पणी-उपनियम (3) और (4) भी आसवनियों में शीरा के संग्रहण पर लागू होगें।	टिप्पणी-उपनियम (3) और (4) भी आसवनियों में शीरा के संग्रहण पर लागू होगें।

9. नियम 9 का संशोधन--उक्त नियमावली में ,नीचे स्तम्भ-**एक** में दिये गये विद्यमान नियम 9 के स्थान पर स्तम्भ-**दो** में ,दिया गया नियम रख दिया जायेगा ,अर्थात्-

स्तम्भ–एक **विद्यमान नियम**	**स्तम्भ–दो** **एतद्वारा प्रतिस्थापित नियम**
9. निमज्जन दण्ड प्रतिपयन तथा परीक्षण उपकरणों की व्यवस्था आदि–चीनी के कारखाने का कोई अध्यासी शीरा की सग्रहण टंकियों की गहराई	9. निमज्जन दण्ड प्रतिपयन तथा परीक्षण उपकरणों की व्यवस्था आदि–चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई का कोई अध्यासी

नापने के लिये परिशिष्ट-1 में विनिर्दिष्ट ब्योरे के अनुसार निमज्जन दण्ड (dip Rods)/प्रोब्स (Probes) और टकियों की विभिन्न गहराई पर शीरे का नमूना लेने के लिए प्रतिपयन उपकरण (Sampling Apparatus) और परीक्षण उपकरण भी (Testing Apparatus) तथा अभिकर्मक (Reagent) रखेगा और उन्हें आबकारी तथा राजस्व विभागों के किसी अधिकारी द्वारा जो क्रमश उप-निरीक्षक आबकारी तथा तहसीलदार की श्रेणी से ऊपर श्रेणी का हो, मांग किये जाने पर प्रस्तुत करेगा और उन्हें उनका प्रयोग करने की अनुज्ञा देगा।	परिशिष्ट-1 में विनिर्दिष्ट के अनुसार संग्रहण टकियों में शीरा की गहराई नापने के लिये निमज्जन दण्ड और टंकियों की विभिन्न गहराई पर शीरे के नमूने लेने के लिए प्रतिपयन उपकरण और परीक्षण उपकरण एवं अभिकर्मक भी अनुरक्षित करेगा और उन्हें आबकारी तथा राजस्व विभागों के किसी अधिकारी द्वारा जो क्रमश उप-निरीक्षक आबकारी तथा तहसीलदार की श्रेणी से ऊपर श्रेणी का हो, मांग किये जाने पर प्रस्तुत करेगा और उन्हें उनका प्रयोग करने की अनुज्ञा देगा।

10. नियम 10 का संशोधन --उक्त नियमावली में ,नीचे स्तम्भ-**एक** में दिये गये विद्यमान नियम 10 के स्थान पर स्तम्भ-**दो** में, दिय गया नियम रख दिया जायेगा ,अर्थात्-

स्तम्भ-एक **विद्यमान नियम**	**स्तम्भ- दो** **एतद्वारा प्रतिस्थापित नियम**
10. उत्पादित शीरे के नमूनों का परीक्षण- चीनी कारखाने का अध्यासी पेराई के शीरा वर्ष में शर्करा (ब्रिक्स) और चीनी की कुल मात्रा के लिए कारखाने में उत्पादित शीरा के नमूनों का प्रतिदिन परीक्षण करेगा और उनके परिणामों को प्रपत्र एम०एफ० 5 में रजिस्टर के संगत स्तम्भों में अभिलिखित करेगा और इसे आबकारी विभाग के अभिहित पोर्टल) (Upexciseonline) पर अपलोड करेगा।	10. उत्पादित शीरे के नमूनों का परीक्षण-चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई का अध्यासी पेराई के शीरा वर्ष मे शर्करा (ब्रिक्स) और चीनी की कुल मात्रा के लिए चीनी कारखाने या खाण्डसारीचीनी विनिर्माण इकाई में उत्पादित किये गये शीरा के नमूनों काप्रतिदिन परीक्षण प्राप्त करेगा और उनके परिणामों को प्रपत्र एम०एफ०-5 में रजिस्टर के सुसंगत स्तम्भों में प्रतिदिन अभिलिखित करेगा और इसे आबकारी विभाग के अभिहित पोर्टल पर अपलोड करेगा।

11. नियम 11 का संशोधन --उक्त नियमावली में ,नीचे स्तम्भ- **एक** में दिये गये विद्यमान नियम 11 के स्थान पर स्तम्भ- **दो** में, दिया गया नियम रख दिया जायेगा ,अर्थात्-

स्तम्भ- एक **विद्यमान नियम**	**स्तम्भ- दो** **एतद्वारा प्रतिस्थापित नियम**
11. संग्रहण टंकी के शीरे के नमूनों का लिया जाना तथा उनका परीक्षण-1 चीनी के कारखाने का अध्यासी प्रति शीरा वर्ष नवम्बर से मई की अवधि में प्रत्येक माह के 1 और 16वें दिनांक को और प्रति शीरा वर्ष जून से अक्टूबर की अवधि में प्रथम, आठवें, सोलहवें और तेईसवें दिनांक को प्रत्येक संग्रहण टंकी से शीरे के सिरे, मध्य और पेंदी के परत के नमूने लिवायेगा और शर्करा तथा चीनी की मात्रा के लिए उनका परीक्षण करायेगा और उनके परिणाम शीरा प्रपत्र 7 के संगत स्तम्भों में अभिलिखित करेगा। रजिस्टर के संगत उद्धरण की	11. संग्रहण टंकी के शीरे के नमूनों का लिया जाना तथा उनका परीक्षण-1 चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई का अध्यासी प्रति शीरा वर्ष नवम्बर से मई की अवधि में प्रत्येक माह के 1 और 16वें दिनांक को और प्रति शीरा वर्ष जून से अक्टूबर की अवधि में प्रथम, आठवें, सोलहवें और तेईसवें दिनांक को प्रत्येक संग्रहण टंकी से शीरे के सिरे, मध्य और पेंदी की परत के नमूने प्राप्त करेगा और शर्करा तथा चीनी की मात्रा के लिए उनका परीक्षण करायेगा और उनके परिणाम शीरा प्रपत्र 7 के सुसंगत स्तम्भों

एक सत्य प्रतिलिपि नियंत्रक को उसी दिन, जिस दिन नमूने का परीक्षण कराया जाय, भेजी जायेगी। यदि चीनी के कारखाने में आबकारी का उप निरीक्षक तैनात हो तो उसकी उपस्थिति में नमूने लिये जायेंगे और उनका परीक्षण किया जायेगा और इसे आबकारी विभाग के अभिहित पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा।	में अभिलिखित करेगा। रजिस्टर से संगत उद्धरण की एक सत्य प्रतिलिपि नियंत्रक को उसी दिन, जिस दिन नमूने का परीक्षण कराया जाय, भेजी जायेगी। यदि चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई में आबकारी का उप निरीक्षक/निरीक्षक तैनात हो तो उसकी उपस्थिति में नमूने लिये जायेंगे और उनका परीक्षण किया जायेगा और इसे आबकारी विभाग के अभिहित पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा।
(2) यदि किसी टंकी में संग्रहीत शीरे के गुण में एकाएक कोई आकस्मिक ह्रास हो तो चीनी के कारखाने का अध्यासी तुरन्त तार/पोर्टल पर कम्प्लेन्ट टैब द्वारा नियंत्रक को उसकी सूचना देगा।	(2) यदि किसी टंकी में संग्रहीत शीरे के गुण में एकाएक कोई आकस्मिक ह्रास हो तो चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई का अध्यासी तुरन्त ई-मेल या कोई अन्य उपाय/पोर्टल पर कम्प्लेन्ट टैब द्वारा सम्बन्धित प्रभार के उप आबकारी आयुक्त/नियंत्रक को उसकी सूचना देगा।

12. नियम 12 का संशोधन--उक्त नियमावली में ,नीचे स्तम्भ-**एक** में दिये गये विद्यमान नियम 9 के स्थान पर स्तम्भ-**दो** में ,दिया गया नियम रख दिया जायेगा ,अर्थात्-

स्तम्भ-एक **विद्यमान नियम**	**स्तम्भ- दो** **एतद्वारा प्रतिस्थापित नियम**
12. सम्भरण तथा वितरण -प्रत्येक चीनी के कारखाने का अध्यासी ,किसी चीनी के कारखाने में उत्पादित किये जाने वाले शीरे की मात्रा के सम्भावित अनुमान और स्टाक अंतरण के माध्यम से अंतरित या सम्भरित की जाने वाली मात्रा या कैप्टिव उपभोग के अनुमान को विनिर्दिष्ट करते हुए शीरा प्रपत्र 9-में प्रति शीरा वर्ष में 31अगस्त तक नियंत्रक को एक विवरण पत्र प्रस्तुत करेगा ,जिसमें अगले शीरा वर्ष के दौरान ऐसी अन्य सूचना जो उक्त प्रपत्र के अधीन अपेक्षित हो ,सम्मिलित होगा और इसे आबकारी विभाग के अभिहित पोर्टल पर आपलोड करेगा।	**12.** आपूर्ति तथा वितरण -प्रत्येक चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई का अध्यासी , किसी चीनी के कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई में उत्पादित होने वाले शीरे की मात्रा का अनुमानित प्राक्कलन और विक्रय अथवा आपूर्ति की जाने वाली शीरे की मात्रा का प्राक्कलन विनिर्दिष्ट करते हुए शीरा प्रपत्र-9 में प्रति शीरा वर्ष ,में 31 अगस्त तक नियंत्रक को एक विवरण पत्र प्रस्तुत करेगा ,जिसमें अगले शीरा वर्ष के दौरान ऐसी अन्य सूचना जो उक्त प्रपत्र के अधीन अपेक्षित हो ,सम्मिलित होगा और इसे आबकारी विभाग के अभिहित पोर्टल पर अपलोड करेगा। (2) अनिश्चितकालीन बन्द शीरा आधारित औद्योगिक इकाईयों में अप्रयुक्त शीरे के निस्तारण के सम्बन्ध में विनिश्चय शीरा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

13. नियम 15 का संशोधन--उक्त नियमावली में ,नीचे स्तम्भ-एक में दिये गये विद्यमान नियम 15 के स्थान पर स्तम्भ-दो में, दिया गया नियम रख दिया जायेगा ,अर्थात्-

स्तम्भ-एक **विद्यमान नियम**	**स्तम्भ- दो** **एतद्वारा प्रतिस्थापित नियम**
15. शीरे के वहन का त्रैमासिक कार्यक्रम-शक्कर के	**15.** शीरे के संचलन का त्रैमासिक कार्यक्रम- प्रत्येक

प्रत्येक कारखाने की समय–समय पर उत्पादन क्षमता कैप्टिव उपभोग हेतु शीरे की अनुमानित सामयिक आवश्यकता, रेल टंकी वैगनों की उपलब्धता, पथ परिवहन की सुविधा, शक्कर के कारखाने और आसवनी के भू–गृहादि में संग्रहण क्षमता तथा अन्य संगत तथ्यों को ध्यान में रखते हुए नियंत्रक प्रत्येक कारखाने से कैप्टिव उपभोग के लिये शीरा सहित शीरे के वहन के सम्बन्ध में एक त्रैमासिक कार्यक्रम तैयार कर सकता है। प्रत्येक शक्कर के कारखाने का अध्यासी और प्रदेशन ग्रहीता शीरे के वहन के लिये ऐसे कार्यक्रम के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करेगा।	चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई की समय–समय पर उत्पादन क्षमता, रेल टंकी वैगनों की उपलब्धता, पथ परिवहन की सुविधा, चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई और आसवनी के भू–गृहादि में संग्रहण क्षमता तथा अन्य संगत तथ्यों को ध्यान में रखते हुए नियंत्रक प्रत्येक चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई से शीरे के संचलन के सम्बन्ध में एक त्रैमासिक कार्यक्रम तैयार कर सकता है। प्रत्येक चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई का अध्यासी और प्रदेशन ग्रहीता शीरे के संचलन के लिये ऐसे कार्यक्रम के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करेगा।

14. नियम 16 का संशोधन--उक्त नियमावली में ,नीचे स्तम्भ- एक में दिये गये विद्यमान नियम 16 के स्थान पर स्तम्भ- दो में, दिया गया नियम रख दिया जायेगा ,अर्थात्-

स्तम्भ– एक **विद्यमान नियम**	**स्तम्भ– दो** **एतद्वारा प्रतिस्थापित नियम**
16. (1) प्रदेशन ग्रहीता द्वारा शीरा ले जाने की व्यवस्था-- प्रदेशन ग्रहीता यथाशक्य शीघ्र प्रदेशन आदेश प्राप्त हो जाने के पश्चात् कारखाने के अध्यासी को लिखित रूप में यह सूचित करेगा कि शीरा रेल या सड़क द्वारा, जैसा कार्यक्रम में इंगित है, ले जाया जायेगा।	**16.** (1) प्रदेशन ग्रहीता द्वारा शीरा ले जाने की व्यवस्था– प्रदेशन ग्रहीता यथाशक्य शीघ्र प्रदेशन आदेश प्राप्त हो जाने के पश्चात् चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई के अध्यासी को लिखित रूप में यह उपदर्शित करेगा कि शीरा रेल या सड़क द्वारा, जैसा कार्यक्रम में उपदर्शित है, ले जाया जायेगा।
(2) जहाँ कार्यक्रम में शीरा का परिवहन सड़क द्वारा, किया जाना संसूचित किया गया हो वहां आवंटिती पैंतालिस दिन के भीतर आवंटित मात्रा में ले जाया जाना सुनिश्चित करने के प्रयोजनार्थ आवश्यक सीमा तक कारखाने से शीरे को ले जाने के लिए ग्लोबल पोजिसनिंग सिस्टम (जीपीएस) युक्त टंकी, लारियों या पात्र (कंटेनर्स) उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था करेगा। समय अनुसूची से किसी प्रकार के विचलन में प्रतिदिन रु0 5,000/ का जुर्माना निहित होगा, जो रु0 1,00,000/ का अनधिक होगा, जिसकी वसूली, सम्बन्धित आसवनी के सहायक आबकारी आयुक्त अथवा सम्बन्धित जिले के जिला आबकारी अधिकारी द्वारा उसी प्रकार से की जायेगी जिस प्रकार से उनके द्वारा प्रशमन धनराशि की वसूली की जाती है। उक्त प्रकिया से सम्बन्धित प्रपत्र आबकारी विभाग के अभिहित पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा।	(2) जहाँ कार्यक्रम में शीरा का परिवहन सड़क द्वारा किया जाना संसूचित किया गया हो वहां प्रदेश न ग्रहीता तीस दिन के भीतर आवंटित मात्रा में ले जाया जाना सुनिश्चित करने के प्रयोजनार्थ आवश्यक सीमा तक चीनीकारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई से शीरे को ले जाने के लिए ग्लोबल पोजिसनिंग सिस्टम (जीपीएस) एवं डिजिटल लॉक युक्त टैंक, लारियॉ या पात्र (कंटेनर्स) उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था करेगा। समय अनुसूची से किसी प्रकार के विचलन में प्रतिदिन रु0 5,000/ का जुर्माना निहित होगा, जो रु0 1,00,000/ से अनधिक होगा, जिसकी वसूली, सम्बन्धित आसवनी के सहायक आबकारी आयुक्त अथवा सम्बन्धित जिले के जिला आबकारी अधिकारी द्वारा उसी प्रकार से की जायेगी जिस प्रकार से उनके द्वारा प्रशमन धनराशि की वसूली की जाती है। उक्त

	प्रकिया से सम्बन्धित प्रपत्र आबकारी विभाग के अभिहित पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा। परन्तु यह कि ऐसी खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाईयां जहां पर अर्धठोस शीरा उत्पादित किया जाता हो तथा इनका संचय विहित संचय क्षमता के छोटे–छोटे पात्रों में किया जाता है से शीरे की निकासी जी0पी0एस0 युक्त अन्य उपयुक्त वाहनों द्वारा भी किया जाना अनुमन्य होगा।

15. नियम 17 का संशोधन--उक्त नियमावली में ,नीचे स्तम्भ-**एक** में दिये गये विद्यमान नियम 17 के स्थान पर स्तम्भ-**दो** में, दिया गया नियम रख दिया जायेगा ,अर्थात्-

स्तम्भ– एक **विद्यमान नियम**	**स्तम्भ–दो** **एतद्वारा प्रतिस्थापित नियम**
17. शक्कर के कारखाने के अध्यासी द्वारा रेलवे वैगनों की मांग–शक्कर के कारखाने का अध्यासी, जब नियम 15 में अभिदिष्ट कार्यक्रम में अपेक्षित हो, शीरे को ऐसी रीति से प्रेषण करने के लिए, जिससे कि प्रदेशन ग्रहीता को शीरे का सम्भरण नियमित और पूर्णरूप से हो सके, रेलवे के प्राधिकारियों से वैगनों के लिये मांग प्रस्तुत करेगा। रेलवे वैगनों के लिये प्रस्तुत की गयी उक्त मांग सम्बन्धी एक पाक्षिक विवरणी शीरा प्रपत्र 3 में नियंत्रक को प्रस्तुत की जायगी, और जहां शक्कर के कारखाने में उप–निरीक्षक आबकारी तैनात हो वहां उसकी एक प्रतिलिपि उप निरीक्षक को दी जायेगी।	17. चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई के अध्यासी द्वारा रेलवे वैगनों की मांग–चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई का अध्यासी, जब नियम 15 में निर्दिष्ट कार्यक्रम में अपेक्षित हो, शीरे को ऐसी रीति से प्रेषण करने के लिए, जिससे कि प्रदेशन ग्रहीता को शीरे का आपूर्ति नियमित और पूर्णरूप से हो सके, रेलवे के प्राधिकारियों से वैगनों के लिये मांग प्रस्तुत करेगा। रेलवे वैगनों के लिये प्रस्तुत की गयी उक्त मांग सम्बन्धी एक पाक्षिक विवरणी शीरा प्रपत्र 3 में नियंत्रक को प्रस्तुत की जायगी, और जहां चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई में आबकारी का उप–निरीक्षक / निरीक्षक तैनात हो वहां उसकी एक प्रतिलिपि उप निरीक्षक/निरीक्षक को दी जायेगी।

16. नियम 18 का संशोधन--उक्त नियमावली में ,नीचे स्तम्भ-**एक** में दिये गये विद्यमान नियम 18 के स्थान पर स्तम्भ-**दो** में, दिया गया नियम रख दिया जायेगा ,अर्थात्-

स्तम्भ–एक **विद्यमान नियम**	**स्तम्भ–दो** **एतद्वारा प्रतिस्थापित नियम**
18. सड़क परिवहन की दशा में भराई का समय-(1)-पथ परिवहन की दशा में भराई का समय 6 बजे पूर्वान्ह से 10 बजे अपरान्ह तक होगा और रेलवे वैगनों की दशा में समय वही होगा जो रेलवे के प्राधिकारियों द्वारा निश्चित किया जाय। (2) शीरा भरे रेलवे वैगनों का कर्षण तथा भरा जाना–शक्कर के किसी कारखाने का अध्यासी किसी रेलवे वैगनों के कर्षण और ऐसे वैगनों को भरे जाने अथवा टैंक, लारियों या अन्य पात्रों के भरे जाने से न तो इन्कार करेगा और न उसमें विलम्ब करेगा।	18. सड़क परिवहन की दशा में भराई का समय–(1)-पथ परिवहन की दशा में भराई का समय 6 बजे पूर्वान्ह से 10 बजे अपरान्ह तक होगा और रेलवे वैगनों की दशा में समय वही होगा जो रेलवे के प्राधिकारियों द्वारा निश्चित किया जाय। (2) शीरा भरे रेलवे वैगनों का कर्षण तथा भरा जाना–चीनी के किसी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माणइकाई का अध्यासी किसी रेलवे वैगनों के कर्षण और ऐसे वैगनों को भरे जाने अथवा टैंक, लारियों या अन्य पात्रों के भरे जाने से न तो

यदि शक्कर के कारखाने का अध्यासी बिना पर्याप्त कारण के कर्षण तथा भरे जाने की तत्काल व्यवस्था न करे तो उस जिले के जिसमें कारखाना स्थित हो, कलेक्टर को या नियंत्रक द्वारा इस प्रयोजन के लिये प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति को कारखाने के भू–गृहादि में प्रवेश करने, कर्षण और शीरे के भरे जाने की व्यवस्था करने और उसके व्यय को शक्कर के कारखाने के अध्यासी से शक्कर के कारखाने को देय शीरे के मूल्य में से वसूल करने का अधिकार होगा।	इन्कार करेगा और न उसमें विलम्ब करेगा। यदि चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई का अध्यासी बिना पर्याप्त कारण के कर्षण तथा भरे जाने की तत्काल व्यवस्था न करे तो उस जिले के जिसमें चीनी कारखाना या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई स्थित हो, कलेक्टर को या नियंत्रक द्वारा इस प्रयोजन के लिये प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति को चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई के भू–गृहादि में प्रवेश करने, कर्षण और शीरे के भरे जाने की व्यवस्था करने और उसके व्यय को चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई के अध्यासी से चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई को देय शीरे के मूल्य में से वसूल करने का अधिकार होगा।

17. नियम 19 का संशोधन.17 उक्त नियमावली में ,नीचे स्तम्भ- **एक** में दिये गये विद्यमान नियम 19 के स्थान पर स्तम्भ-**दो** में, दिया गया नियम रख दिया जायेगा ,अर्थात्-

स्तम्भ– एक **विद्यमान नियम**	**स्तम्भ–दो** **एतद्वारा प्रतिस्थापित नियम**
19. शीरे के भरे जाने के लिए शक्ति चालित पम्पों उप साधनों तथा सी0सी0टी0वी कैमरे की व्यवस्था- शीरे के भरे जाने के प्रयोजन के लिए चीनी के कारखाने का अध्यासी पर्याप्त क्षमता के शक्ति चालित पम्पों और अन्य उप साधनों तथा आई०पी० एड्रेस सहित सी०सी०टी०वी कैमरा अच्छी चालू दशा में अनुरक्षित रखेगा और चीनी मिल में सी०सी०टी०वी० कैमरे को ऐसे स्थान पर और इस प्रकार स्थापित किया जायेगा जिससे कच्चा माल, शीरा और अन्य उत्पाद ले जाने वाले समस्त यान (टैंकर/लॉरी) उनकी संख्या सहित चीनी मिल में प्रवेश करते समय और उसे छोडते समय कैमरे में अभिलिखित किये जा सकें। डिजिटल रिकॉर्ड भी अनुरक्षित किया जाएगा तथा इसे आबकारी विभाग के अभिहित पोर्टल पर भी प्रतिदिन ऑनलाइन प्रस्तुत किया जायेगा।	**19.** शीरे के भरे जाने के लिए शक्ति चालित पम्पों उप साधनों तथा सी०सी०टी०वी० कैमरे की व्यवस्था– शीरे के भरे जाने के प्रयोजन के लिए चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई का अध्यासी पर्याप्त क्षमता के शक्ति चालित पम्पों और अन्य उप साधनों तथा आई०पी० एड्रेस सहित सी०सी०टी०वी कैमरा अच्छी चालू दशा में अनुरक्षित रखेगा और चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई में सी०सी०टी०वी० कैमरे एवं ए0एन0पी0आर कैमरे को ऐसे स्थान पर और इस प्रकार स्थापित किया जायेगा जिससे कच्चा माल, शीरा और अन्य उत्पाद ले जाने वाले समस्त यान (टैंकर/लॉरी) उनकी संख्या सहित चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई में प्रवेश करते समय और उसे छोड़ते समय कैमरे में अभिलिखित किये जा सकें। डिजिटल अभिलेख भी अनुरक्षित किया जाएगा तथा संचालित कैमरों को आबकारी आयुक्त कार्यालय के इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर (आई0सी0सी0सी0) से एकीकृत कराया जायेगा। शीरे की सुरक्षा एवं दुरूपयोग को रोकने की दृष्टि से ए0एन0पी0आर0 कैमरा तथा शीरा नियंत्रक द्वारा

	विनिर्दिष्ट गुणवत्ता व प्रकार के अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरणों एवं साफ्टवेयर की व्यवस्था चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई के अध्यासियों द्वारा किया जाना आवश्यक होगा।

18. नियम 20 का संशोधन--उक्त नियमावली में ,नीचे स्तम्भ-**एक** में दिये गये विद्यमान नियम 20 के स्थान पर स्तम्भ-**दो** में, दिया गया नियम रख दिया जायेगा ,अर्थात्--

स्तम्भ–एक **विद्यमान नियम**	**स्तम्भ–दो** **एतद्वारा प्रतिस्थापित नियम**
20. (1) भेजे गये शीरे का स्वामित्व- किसी आसवनी को रेलवे टैंक ,वैगनों में भेजे गये शीरे का स्वामित्व ,सम्बद्ध चीनी के कारखाने के अध्याशी में तब तक निहित रहेगा जब तक कि वह वास्तव में आसवनी को न मिल जाय और आसवनी की ओर से जानबूझ कर की गयी किसी चूक के अतिरिक्त अन्य कारण से होने वाली समस्त हानि चीनी के कारखाने द्वारा वहन की जायगी। सड़क द्वारा ले जाये जाने वाले शीरे का स्वामित्व ज्यों ही शीरा प्रपत्र-4 में निष्कासन पत्र के साथ का कारखाने के भू-गृहादि के बाहर ले जाया जाय , प्रदेशन ग्रहीता को प्राप्त हो जायेगा और प्रदेशन ग्रहीता गंतव्य स्थान तक सुरक्षित रूप से पहुंचने और मार्ग में होने वाली हानि के लिये ,यदि कोई हो ,उत्तरदायी होगा। चीनी के कारखाने के अध्यासी को यह सुनिश्चित करना होगा कि चीनी मिल से शीरे का परिवहन ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) युक्त टैंकरो से ही हो और प्रदेशन ग्रहीता को तद्नुसार प्रमाणित करना होगा।	20. (1) भेजे गये शीरे का स्वामित्व (1) –किसी आसवनी को रेलवे टैंक, वैगनों में भेजे गये शीरे का स्वामित्व, सम्बद्ध चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई के अध्यासी में तब तक निहित रहेगा जब तक कि वह वास्तव में आसवनी को न मिल जाय और आसवनी की ओर से जानबूझ कर की गयी किसी चूक के अतिरिक्त अन्य कारण से होने वाली समस्त हानि चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई द्वारा वहन की जायगी। सड़क द्वारा ले जाये जाने वाले शीरे का स्वामित्व ज्यों ही शीरा प्रपत्र-4 में निष्कासन पत्र के साथ चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई के भू–गृहादि के बाहर ले जाया जाय, प्रदेशन ग्रहीता को प्राप्त हो जायेगा और प्रदेश न ग्रहीता गंतव्य स्थान तक सुरक्षित रूप से पहुंचने और मार्ग में होने वाली हानि के लिये, यदि कोई हो, उत्तरदायी होगा। चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई के अध्यासी को यह सुनिश्चित करना होगा कि चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई से शीरे का परिवहन ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जी0पी0एस0) एवं डिजिटल लॉक युक्त टैंकरों अथवा अन्य उपयुक्त वाहनों द्वारा किया जायेगा और प्रदेशन ग्रहीता को तद्नुसार प्रमाणित करना होगा।
(2) प्रदेशन ग्रहीता, जिसे औद्योगिक विकास के लिए शीरे की आवश्यकता हो, शीरे के परिवहन के लिये स्वयं व्यवस्था करेगा और शीरे के गंतव्य स्थान तक सुरक्षित रूप से पहुंचाने तथा मार्ग में होने वाली हानि, यदि कोई हो, के लिए उत्तरदायी	(2) प्रदेशन ग्रहीता, जिसे औद्योगिक विकास के लिए शीरे की आवश्यकता हो, शीरे के परिवहन के लिये स्वयं व्यवस्था करेगा और शीरे के गंतव्य स्थान तक सुरक्षित रूप से पहुंचाने तथा मार्ग में होने वाली हानि, यदि कोई हो, के लिए उत्तरदायी

होगा। ऐसे प्रदेशन ग्रहीता से अग्रतर यह भी अपेक्षित होगा कि वह नियंत्रक द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अधिकारी से गंतव्य स्थान पर परेषण का सत्यापन कराये।	होगा। ऐसे प्रदेशन ग्रहीता से अग्रतर यह भी अपेक्षित होगा कि वह नियंत्रक द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अधिकारी से गंतव्य स्थान पर परेषण का सत्यापन कराये।
(3) सम्पूर्ण शीरे की मात्रा का परिवहन, एक परेषण में किया जायेगा और अभिवहन टुकड़ों में नहीं किया जायेगा तथा ई–ट्रान्जिट परमिट में विनिर्दिष्ट मार्ग से परेषण के संचालन का विचलन नहीं किया जायेगा जिसके उल्लंघन पर आसवनी / यवासवनी के लाइसेंसधारी पर सरकार द्वारा यथा निर्धारित शारित लगायी जा सकती है यदि कोई चीनी मिल एक विधिमान्य परमिट पर एक बार से अधिक परेषण का अभिवहन करने के लिए ई–ट्रांजिट परमिट का धोखाधड़ी पूर्ण एवं कपटपूर्ण प्रयोग करने में लिप्त पायी जाती है तो चीनी मिल का प्रभारी अधिकारी अनुशासनिक नियमावली के अधीन दण्ड का भागी होगा एवं ग्रहीता पर रू० 5,00,000/- का दण्ड अधिरोपित किया जायेगा तथा पुनरावृत्ति किये जाने पर ग्रहीता का लाइसेंस निरस्त कर दिया जायेगा।	(3) सम्पूर्ण शीरे की मात्रा का परिवहन, एक परेषण में किया जायेगा और अभिवहन टुकड़ों में नहीं किया जायेगा तथा ई–ट्रान्जिट परमिट में विनिर्दिष्ट मार्ग से परेषण के संचालन का विचलन नहीं किया जायेगा जिसके उल्लंघन पर आसवनी/यवासवनी या शीरा आधारित अन्य इकाईयों के लाइसेंसधारी पर सरकार द्वारा यथा निर्धारित शास्ति लगायी जा सकती है यदि कोई चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई एक विधिमान्य परमिट पर एक बार से अधिक परेषण का अभिवहन करने के लिए ई–ट्रांजिट परमिट का धोखाधड़ी पूर्ण एवं कपटपूर्ण प्रयोग करने में लिप्त पायी जाती है तो चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माणकर्ता इकाई का प्रभारी अधिकारी अनुशासनिक नियमावली के अधीन दण्ड का भागी होगा, साथ ही अध्यासी रू0 दो लाख पचास हजार की शास्ति का उत्तरदायी होगा तथा पुनरावृत्ति किये जाने पर अध्यासी का लाइसेंस निरस्त कर दिया जायेगा।

19. **नियम 21 का संशोधन**--उक्त नियमावली में ,नीचे स्तम्भ-**एक** में दिये गये विद्यमान नियम 21 के स्थान पर स्तम्भ-**दो** में, दिया गया नियम रख दिया जायेगा ,अर्थात्-

स्तम्भ–एक **विद्यमान नियम**	**स्तम्भ–दो** **एतद्वारा विद्यमान नियम**
21. उन प्रयोजनों जिनके लिए शीरा प्रदिष्ट किया गया हो, से भिन्न प्रयोजनों के लिए समस्त शीरे के संक्रमण तथा प्रयोग पर निषेध-(1) नियंत्रक की पूर्व अनुज्ञा के बिना किसी प्रदेशन ग्रहीता को सम्भरित कोई शीरा किसी अन्य व्यक्ति को संक्रमित नहीं किया जायेगा।	21. उन प्रयोजनों जिनके लिए शीरा प्रदिष्ट किया गया हो, से भिन्न प्रयोजनों के लिए समस्त शीरे की बिक्री तथा उपयोग पर प्रतिषेध-(1) नियंत्रक की पूर्व अनुज्ञा के बिना किसी प्रदेशन ग्रहीता को सम्भरित कोई शीरा किसी अन्य व्यक्ति को विक्रय अथवा परिदान नहीं किया जायेगा।
(2) नियंत्रक की पूर्व अनुज्ञा के बिना किसी प्रदेश न ग्रहीता को प्रदिष्ट शीरा का प्रयोग उस प्रयोजन के, जिसके लिये वह प्रदिष्ट किया गया हो, भिन्न प्रयोजन के लिये नहीं किया जायेगा।	(2) नियन्त्रक की पूर्व अनुज्ञा के बिना किसी प्रदेशन ग्रहीता को प्रदिष्ट शीरा का प्रयोग उस प्रयोजन, जिसके लिये वह प्रदिष्ट किया गया हो, सेभिन्न प्रयोजन के लिये नहीं किया जायेगा।

20. **नियम 22 का संशोधन**--उक्त नियमावली में ,नीचे स्तम्भ-**एक** में दिये गये विद्यमान नियम 22 के स्थान पर स्तम्भ-**दो** में, दिया गया नियम रख दिया जायेगा ,अर्थात्-

स्तम्भ- एक **विद्यमान नियम**	**स्तम्भ- दो** **एतद्वारा प्रतिस्थापित नियम**
22. आसवनियों और औद्योगिक विकास के लिये अन्य व्यक्तियों को शीरे की बिक्री या सम्भरण-(1) किसी चीनी के कारखाने में उत्पादित शीरे की बिक्री या सम्भरण आबकारी विभाग के अभिहित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से केवल आसवनियों या औद्योगिक विकास के प्रयोजनार्थ इसकी वास्तविक रूप से अपेक्षा रखने वाले अन्य व्यक्तियों को किया जायेगा।	22. आसवनियों और औद्योगिक विकास के लिये अन्य व्यक्तियों को शीरे की बिक्री या आपूर्ति-(1) किसी चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई में उत्पादित शीरे की बिक्री या आपूर्ति आबकारी विभाग के अभिहित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से केवल आसवनियों या औद्योगिक विकास के प्रयोजनार्थ इसकी वास्तविक रूप से अपेक्षा रखने वाले अन्य व्यक्तियों को किया जायेगा।
(2) किसी औद्योगिक विकास के लिये अपनी आसवनी हेतु शीरे की अपेक्षा करने वाले किसी व्यक्ति को अपनी इकाई की जी०एस०टी० सख्या सहित शीरा हेतु अपेक्षित प्रयोजन को विनिर्दिष्ट करते हुये आबकारी विभाग के अभिहित पोर्टल के माध्यम से नियंत्रक को ऑनलाइन आवेदन करना होगा।	(2) किसी औद्योगिक विकास के लिये अपनी आसवनी अथवा किसी शीरा आधारित इकाई हेतु शीरे की अपेक्षा करने वाले किसी व्यक्ति को अपनी इकाई की जी०एस०टी० संख्या सहित शीरा हेतु अपेक्षित प्रयोजन को विनिर्दिष्ट करते हुये आबकारी विभाग के अभिहित पोर्टल के माध्यम से नियंत्रक को ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

21 **नियम23 का संशोधन**--उक्त नियमावली में ,नीचे स्तम्भ-**एक** में दिये गये विद्यमान नियम 23 के स्थान पर स्तम्भ-**दो** में, दिया गया नियम रख दिया जायेगा ,अर्थात्-

स्तम्भ- एक **विद्यमान नियम**	**स्तम्भ- दो** **एतद्वारा प्रतिस्थापित नियम**
23. प्रशासनिक शुल्क- प्रत्येक चीनी के कारखाने का अध्यासी अपने द्वारा अन्तरित अथवा विकीत या सम्भरित शीरे पर संदेय प्रशासनिक शुल्क की धनराशि, उस जिले, जिसमें चीनी का कारखाना स्थित है .के कोषागार या उप कोषागार में ई-चालान के माध्यम से जमा करेगा और शीरे को वास्तविक रूप में खरीददार या अन्तरिती को देने से पूर्व चीनी के कारखाने के प्रभारी आबकारी अधिकारी को ऐसे संदाय के साक्ष्य के रूप में ई-चालान का प्रिन्ट आउट प्रस्तुत करेगा।	23- विनियामक फीस- राज्य सरकार, समय-समय पर अधिसूचित की जाने वाली दरों पर, चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई से संग्रहीत अथवा निर्मुक्त शीरे के परिरक्षण, आपूर्ति अथवा वितरण के पर्यवेक्षण और नियंत्रण में उपगत लागत व व्यय की पूर्ति हेतु चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई के अध्यासी से शीरे के किसी भी बिक्री या आपूर्ति पर विनियामक फीस वसूल कर सकेगी।

स्तम्भ- एक विद्यमान नियम	स्तम्भ- दो एतद्वारा प्रतिस्थापित नियम
	प्रत्येक चीनी कारखाना या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई का अध्यासी अपने द्वारा विक्रीत या आपूर्ति किये गये शीरे पर संदेय विनियामक फीस की धनराशि, उस जिले, जिसमें चीनी कारखाना या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई स्थित है, के कोषागार या उप कोषागार में ई-चालान के माध्यम से जमा करेगा और क्रेता या प्रदेशन ग्रहीता को शीरे का वास्तविक परिदान किये जाने से पूर्व चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई के प्रभारी आबकारी अधिकारी को ऐसे संदाय के साक्ष्य के रूप में ई-चालान का प्रिन्ट आउट प्रस्तुत करेगा।

22. नियम 24 का संशोधन-- उक्त नियमावली में ,नीचे स्तम्भ-**एक** में दिये गये विद्यमान नियम 24 के स्थान पर स्तम्भ-**दो** मे दिया गया नियम रख दिया जायेगा ,अर्थात्-

स्तम्भ- एक विद्यमान नियम	स्तम्भ- दो एतद्वारा प्रतिस्थापित नियम
24. शीरे के परिवहन पर प्रतिबन्ध (1)-कोई भी व्यक्ति जब तक कि नियंत्रक से लिखित अनुमति प्राप्त नहीं कर लेता तब तक उत्तर प्रदेश के बाहर किसी शीरे का न तो परिवहन करेगा और न करायेगा।	24. शीरे के परिवहन पर निर्बंधंन (1)-कोई भी व्यक्ति जब तक नियंत्रक से लिखित अनुमति प्राप्त नहीं कर लेता तब तक उत्तर प्रदेश के बाहर किसी शीरे का न तो परिवहन करेगा और न करायेगा।
(2) उत्तर प्रदेश से अन्य राज्यों के लिये शीरा परिवहन करने की अनुज्ञा हेतु नियंत्रक कार्यालय में प्राप्त आवेदनों पर विनिश्चय ऐसी समिति द्वारा किया जायेगा जिसमें निम्नलिखित होंगे- :	(2) उत्तर प्रदेश से अन्य राज्यों को शीरा परिवहन करने की अनुज्ञा हेतु नियंत्रक कार्यालय में प्राप्त आवेदनों पर विनिश्चिय गठित समिति करेगी जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगेः-
1. शीरा नियंत्रक सह आबकारी आयुक्त- अध्यक्ष	1. शीरा नियंत्रक सह आबकारी आयुक्त- अध्यक्ष
2. अपर आबकारी आयुक्त (प्रशासन)- सदस्य	2. अपर आबकारी आयुक्त (प्रशासन)- सदस्य
3. राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट एक सदस्य-सदस्य	3. राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट एक सदस्य-सदस्य
4. गन्ना विभाग द्वारा नामनिर्दिष्ट एक सदस्य-सदस्य	4. गन्ना विभाग द्वारा नामनिर्दिष्ट एक सदस्य-सदस्य
5. उप आबकारी आयुक्त (ई0आई0बी0)- सदस्य	5. उप आबकारी आयुक्त (ई0आई0बी0)- सदस्य
6. उप आबकारी आयुक्त (उत्पादन)-(सचिव सह संयोजक समिति राज्य में शीरे की आबद्ध अपेक्षाओं पर विचार करने के पश्चात् राज्य में शीरे की सामान्य उपलब्धता के आधार पर विनिश्चय करेगी। उपरोक्त	6. उप आबकारी आयुक्त (उत्पादन)-(सचिव सह संयोजक समिति राज्य में शीरे की आवश्यकता पर विचार करने के पश्चात राज्य में शीरे की सामान्य उपलब्धता के आधार पर विनिश्चय करेगी। उपरोक्त निर्धारित

निर्धारित शर्तों को पूरा करने के पश्चात् शीरा उत्पादन करने वाली इकाईयों को ही निर्यात की अनुमति प्रदान की जायेगी। आवंटीगण को व्यापार/निर्यात अनुमन्य नहीं होगा। आवंटी को इस आशय का शपथ–पत्र प्रस्तुत करना होगा।	शर्तों को पूरा करने के पश्चात शीरा उत्पादन करने वाली इकाईयों को ही निर्यात की अनुमति प्रदान की जायेगी। प्रदेशन ग्रहीता द्वारा व्यापार/निर्यात अनुमन्य नहीं होगा। प्रदेशन ग्रहीता को उपर्युक्त आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

23. नियम 25 का संशोधन--उक्त नियमावली में ,नीचे स्तम्भ-**एक** में दिये गये विद्यमान नियम 25 के स्थान पर स्तम्भ-**दो** में, दिया गया नियम रख दिया जायेगा ,अर्थात्-

स्तम्भ– एक **विद्यमान नियम**	**स्तम्भ– दो** **एतद्वारा प्रतिस्थापित नियम**
25. शीरे को शक्कर के कारखाने से हटाना–	25. शीरे को चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई से हटाना–
(1) कोई भी शीरा, कैप्टिव उपभोग के लिये शीरे को सम्मिलित करते हुए शक्कर के किसी कारखाने के भू–गृहादि से तब तक नहीं हटाया जायेगा जब तक कि उसका वजन या माप न किया गया हो और शीरा प्रपत्र-4 में निष्कासन–पत्र जारी न किया गया हो। यह निष्कासन–पत्र कारखाने के अध्यासी या नियंत्रक द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा पाँच प्रतियों में जारी किया जायेगा। निष्कासन–पत्र की एक प्रति शक्कर के कारखाने के अध्यासी के पास रहेगी, एक प्रति शक्कर के कारखाने के भू–गृहादि से शीरा हटाये जाने के पूर्व शक्कर कारखाने में तैनात आबकारी उपनिरीक्षक को दी जायेगी, एक प्रति नियंत्रक को भेजी जायेगी और एक प्रति उस सर्किल के जिसमें शक्कर का कारखाना स्थित हो, आबकारी निरीक्षक को भेजी जायेगी।	(1) कोई भी शीरा किसी चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई के भू–गृहादि से तब तक नहीं हटाया जायेगा, जब तक कि उसका वजन या माप न किया गया हो, और शीरा प्रपत्र 4 में निष्कासन–पत्र जारी न किया गया हो। यह निष्कासन–पत्र चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई के अध्यासी या नियंत्रक द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा पाँच प्रतियों में जारी किया जायेगा। निष्कासन–पत्र की एक प्रति चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई के अध्यासी के पास रहेगी एक प्रति चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई के भू–गृहादि से शीरा हटाये जाने के पूर्व चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई में तैनात आबकारी उप निरीक्षक/निरीक्षक को दी जायेगी, एक प्रति नियंत्रक को भेजी जायेगी और एक प्रति उस सर्किल के, जिसमें चीनी कारखाना या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई स्थित हो, आबकारी निरीक्षक को भेजी जायेगी।
(2) परेषण की रसीद का सत्यापन– परेषण की प्राप्ति पर परेषिती प्राप्त मात्रा का सत्यापन करेगा और निष्कासन पत्र की दूसरी ओर उन्हें लिखेगा और उसे सम्बन्धित शक्कर के कारखाने के अध्यासी को वापस कर देगा। परेषिती इस बात की पर्याप्त सावधानी बरतेगा कि अभिवहन में छीजन या	(2) परेषण की रसीद का सत्यापन–परेषण की प्राप्ति पर परेषिती प्राप्त मात्रा का सत्यापन करेगा और निष्कासन पत्र की दूसरी ओर उन्हें लिखेगा और उसे सम्बद्ध चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई के अध्यासी को वापस कर देगा। परेषिती इस बात की पर्याप्त सावधानी बरतेगा

कमी एक प्रतिशत से अधिक न हो। यदि छीजन या कमी एक प्रतिशत से अधिक हो तो परेषिती नियम के उल्लंघन के लिए अधिनियम के अधीन आरोपित शास्ति का भागी होगा।	कि अभिवहन में छीजन या कमी की प्रमात्रा 0.5 प्रतिशत से अधिक न हो। यदि छीजन या कमी 0.5 प्रतिशत से अधिक हो तो परेषिती नियम के उल्लंघन के लिए अधिनियम के अधीन आरोपित शास्ति का भागी होगाः
प्रतिबन्ध यह है कि यदि नियंत्रक के सन्तोषानुसार यह साबित कर दिया जाय कि विहित सीमा से अधिक छीजन या कमी दुर्घटना या किसी अन्य अपरिहार्य कारण से हुई है तो परेषिती शास्ति का भागी न होगा।	परन्तु यह कि यदि नियंत्रक के सन्तोषानुसार यह साबित कर दिया जाय कि विहित सीमा से अधिक छीजन या कमी की प्रमात्रा दुर्घटना या किसी अन्य अपरिहार्य कारण से हुई है तो परेषिती शास्ति का भागी न होगा।
(3) सत्यापन के लिए प्राधिकृत अधिकारी उत्तर प्रदेश में आसवनियों में प्रयोग के लिये भेजे जाने वाले परेषण को सम्बद्ध आसवनी के प्रभारी आबकारी निरीक्षक या नियंत्रक द्वारा तदर्थ प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा आसवनी या उनके प्रतिनिधियों के सामने सत्यापित किया जायेगा और परिणाम निष्कासन पत्र की दूसरी ओर लिखा जायेगा।	(3) सत्यापन के लिए प्राधिकृत अधिकारी–उत्तर प्रदेश में आसवनियों में प्रयोग के लिये भेजे जाने वाले परेषण को सम्बद्ध आसवनी के प्रभारी आबकारी निरीक्षक या नियंत्रक द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा आसवक या उनके प्रतिनिधियों के सामने सत्यापित किया जायेगा और परिणाम निष्कासन पत्र के दूसरी ओर लिखा जायेगा।

24. नियम 26 का संशोधन--उक्त नियमावली में ,नीचे स्तम्भ-**एक** में दिये गये विद्यमान नियम 26 के स्थान पर स्तम्भ-**दो** में, दिया गया नियम रख दिया जायेगा ,अर्थात्-

स्तम्भ– एक **विद्यमान नियम**	**स्तम्भ– दो** **एतद्वारा प्रतिस्थापित नियम**
26. आसवनी में शीरे की प्राप्ति– कोई आसवनी, जिसके पक्ष में धारा-8 के अधीन शीरा प्रविष्ट किया गया हो, ऐसे किसी आदेश के अनुसरण में आसवनी में प्राप्त शीरे के किसी परेषण के किसी भाग को, आसवनी के प्रभारी अधिकारी अथवा नियंत्रक द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी की पूर्व लिखित अनुज्ञा के बिना न उतारेगी या न उसका उपयोग करेगी। आसवनी भी चीनी के कारखाना से प्राप्त शीरा रसीद का एक लेखा शीरा प्रपत्र-11 में अनुरक्षित करेगी और उसकी एक सत्य प्रतिलिपि नियंत्रक को प्रत्येक आगामी मास के5 वें दिनांक तक प्रस्तुत करेगी तथा इसे आबकारी विभाग के अभिहित पोर्टल पर अपलोड करेगी।	26. आसवनी में शीरे की प्राप्ति –कोई आसवनी, जिसके पक्ष में धारा-8 के अधीन शीरा प्रविष्ट किया गया हो .ऐसे किसी आदेश के अनुसरण में आसवनी में प्राप्त शीरे के किसी परेषण के किसी भाग को, आसवनी के प्रभारी अधिकारी अथवा नियंत्रक द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी की पूर्व लिखित अनुज्ञा के बिना न उतारेगी या न उपयोग करेगी। आसवनी भी चीनी कारखाना या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई से प्राप्त शीरा रसीद का एक लेखा शीरा प्रपत्र-11 में अनुरक्षित करेगी और उसकी एक सत्य प्रतिलिपि नियंत्रक को प्रत्येक आगामी मास के 5वें दिनांक तक प्रस्तुत करेगी तथा इसे आबकारी विभाग के अभिहित पोर्टल पर अपलोड करेगी।

25. नियम 27 का संशोधन--उक्त नियमावली में ,नीचे स्तम्भ-**एक** में दिये गये विद्यमान नियम 27 के स्थान पर स्तम्भ-**दो** में, दिया गया नियम रख दिया जायेगा ,अर्थात्-

स्तम्भ– एक **विद्यमान नियम**	**स्तम्भ– दो** **एतद्वारा प्रतिस्थापित नियम**
27. आसवनी में प्राप्त शीरे का सत्यापन तथा परीक्षण– प्रभारी अधिकारी या नियम-26 के अधीन प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी प्रत्येक परेषण की प्राप्ति पर तुरन्त आसवनी की प्रयोगशाला की सहायता से शीरे की मात्रा और गुण को अवधारित करेगा और अपने द्वारा किये गये सत्यापन और परीक्षण के परिणाम को प्रपत्र संख्या-4 में उस निष्कासन पत्र की दूसरी ओर, जो उसे परेषण के साथ शक्कर के कारखाने के अध्यासी से दो प्रतियों में प्राप्त हो, लिखेगा। निष्कासन पत्र की एक प्रतिलिपि आसवनी में रख ली जायगी और उसकी दूसरी प्रतिलिपि प्रभारी अधिकारी द्वारा शक्कर के कारखाने के अध्यासी को भेज दी जायेगी जिससे कि वह पश्चातवर्ती को परेषण के आसवनी के फाटक पर पहुँचने के एक सप्ताह के भीतर मिल जाय।	27. आसवनी में प्राप्त शीरे का सत्यापन तथा परीक्षण –प्रभारी अधिकारी या नियम-26 के अधीन प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी प्रत्येक परेषण की प्राप्ति पर तुरन्त आसवनी की प्रयोगशाला की सहायता से शीरे की मात्रा और गुण को अवधारित करेगा और अपने द्वारा किये गये सत्यापन और परीक्षण के परिणाम को प्रपत्र संख्या-4 में उस निष्कासन पत्र की दूसरी ओर, जो उसे परेषण के साथ चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई के अध्यासी से दो प्रतियों में प्राप्त हो, लिखेगा। निष्कासन पत्र की एक प्रतिलिपि आसवनी में रख ली जायगी और उसकी दूसरी प्रतिलिपि प्रभारी अधिकारी द्वारा चीनी कारखाने या खाण्डसारी चीनी विनिर्माण इकाई के अध्यासी को भेज दी जायेगी जिससे कि वह पश्चातवर्ती को परेषण के आसवनी अथवा अन्य इकाईयों के फाटक पर पहुँचने के एक सप्ताह के भीतर मिल जाय।

26. नियम 29 का संशोधन--उक्त नियमावली में ,नीचे स्तम्भ-**एक** में दिये गये विद्यमान नियम 29 के स्थान पर स्तम्भ-**दो** में दिया गया नियम रख दिया जायेगा ,अर्थात्-

स्तम्भ– एक **विद्यमान नियम**	**स्तम्भ– दो** **एतद्वारा प्रतिस्थापित नियम**
